# कोविड पूर्व स्तर से 8 फीसदी बढ़ा निर्यात, व्यापार घाटा 62% घटा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लॉकडाउन के बावजूद मई में निर्यात के मोर्चे पर वास्तविक वृद्धि हुई है। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि मई में कुल 32.21 अरब डॉलर का निर्यात हुआ, जो कोविड पूर्व स्तर से 7.9 फीसदी और पिछले साल मई से 67.39 फीसदी ज्यादा है। मई 2019 के मुकाबले आयात घटने से व्यापार घाटे में 62 फीसदी गिरावट आई है। मंत्रालय के मुताबिक, मई 2019 (कोविड पूर्व) में कुल 29.85 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था और मई 2020 में यह 19.24 अरब डॉलर रहा।

बीती मई में आयात 38.53 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल के 22.86 अरब डॉलर के मुकाबले 68.56% ज्यादा है। वहीं कोविड पूर्व मई 2019 के 46.68 अरब डॉलर से 17.54% कम है। व्यापार घाटे में भी 62%की गिरावट आई, जो 6.32 अरब डॉलर रहा। 2019 में व्यापार घाटा 16.84 अरब डॉलर था।



## आत्मनिर्भर अभियान से आयात में आई कमी

भारतीय व्यापार संवर्द्धन परिषद (टीपीसीआई) के चेयरमैन मोहित सिंगला ने कहा, आत्मनिर्भर भारत अभियान के जरिए न्यूजप्रिंट, यातायात उपकरण, लौह-इस्पात क्षेत्र के आयात में कमी आई है। दूसरी ओर, इंजीनियरिंग और पेट्रोलियम उत्पाद, रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इंजीनियरिंग उत्पादों में 16 फीसदी तेजी आई है। सबसे ज्यादा 3.56 अरब डॉलर का निर्यात पेट्रोलियम उत्पादों का रहा। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार अमेरिका व चीन के बाजार में सुधार आने से भारतीय हीरा उद्योग में इस साल 20% निर्यात बढ़ने का अनुमान है।